>

Title: Need to expedite construction of Gulbarga - Latur new railway line-laid

श्री सुधाकर तुकाराम श्रंगरे (लातूर): सड़क रेल रोड जैसे बुनियादी ढांचे समाज एवं क्षेत्र के आर्थिक एवं सामाजिक विकास के लिए एक आवयशक एवं महत्त्वपूर्ण घटक है । किसी भी समाज एवं क्षेत्र के विकास की परिकल्पना बिना रोड, रेल और अन्य किसी जुड़ाव के बिना नहीं की हो सकती ।

मेरा संसदीय क्षेत्र लातुर जो की महाराष्ट्र के मराठवाड़ा क्षेत्र में है । और यह सर्वविदित है की मराठवाड़ा एक सूखा प्रभावित क्षेत्र है । यंहा पर कृषि सूखे के कारण काफी प्रभावित हुई है एवं रोजगार के भी प्रयाप्त साधन न होने से स्थिति दिन प्रतिदिन विकट होती जा रही है ।

रेल मंत्रालय ने इस क्षेत्र के लोगो की सुविधा के लिए एवं आर्थिक तथा व्यापारिक गतिविधियों को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से गुलबर्गा - लातुर रेल लाइन का प्रस्ताव दिया है । यह नई रेल लाइन गुलबर्गा - अलंद -ओमेगा - निलंगा - शिरूर अनन्तपाल - भाटांगली को जोड़ेगी एवं महाराष्ट्र एवं कर्नाटक के 2 जिलों के 4 तालुकाओं को लाभान्वित करेगी । मार्च में हुई घोषणा के बाद भी इस नई लाइन का सर्वे अभीतक पूरा नहीं हो पाया है । यह नयी परियोजना न सिर्फ उत्तर एवं दक्षिण भारत को नई कनेक्टिविटी प्रदान करेगी बल्कि हमें इस योजना से काफी आशाएं है की यह हमारे क्षेत्र की आर्थिक एवं सामाजिक उन्नति में बहुत ही मददगार होगी ।

माननीय रेल मंत्री इस परियोजना को जल्द से जल्द पूरा करने का निर्देश देंगे एवं जल्द ही इसपर कार्य का प्रारम्भ करवाएंगे ऐसी हमारे क्षेत्र के लोगो की आशा एवं प्रार्थना है ।